web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 14 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 108

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे लंबे गंगा विलास क्रूज को दिखाई हरी झंडी, 3200 किमी की यात्रा करेगा तय



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वाराणसी के रविदास घाट से गंगा विलास क्रूज असम के डिब्रूगढ़ जाने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने 13 जनवरी को गंगा विलास क्रूज को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। ये भारत की पहली स्वदेशी क्रूज होगी, जो लगभग 3200 किलोमीटर की नदी यात्रा को तय करेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने हल्दिया मल्टी मॉडल टर्मिनल और उत्तर प्रदेश और बिहार की सामुदायिक जेटी का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने गुवाहाटी में पांडु टर्मिनल में एक जहाज मरम्मत सुविधा और एक एलिवेटेड रोड का लोकार्पण किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि, 'एमवी गंगा विलास' क्रूज सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

बता दें कि 51 दिन की यात्रा में क्रूज 50 जगहों से होकर गुजरेगा, जिसमें पर्यटकों को न सिर्फ गंगा के किनारे दिखेंगे, बल्कि यहां की संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

मंगलवार को 31 स्विस मेहमानों का एक जत्था वाराणसी पहुंचा और गंगा विलास क्रूज पर सवार हुआ। स्विस और जर्मन मेहमान देश के सबसे लंबे रिवर क्रूज गंगा विलास क्रूज पर सवार हुए। भारत में जल परिवहन की सबसे लंबी और रोमांचकारी नदी क्रूज यात्रा आज वाराणसी से रवाना होगी। यह क्रूज 51 दिनों बाद बांग्लादेश की राजधानी ढाका होते हुए असम के डिब्रूगढ़ पहुंचेगा।

यह यात्रा कुल 3200 किलोमीटर की होगी। 51 दिनों की यह यात्रा भारत और बांग्लादेश की 27 नदी प्रणालियों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा विश्व धरोहर से जुड़े 50 से अधिक स्थानों पर रुकेगी। यह सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान सहित जलयान राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों से भी गुजरेगा।

बताते चलें कि गंगा विलास क्रूज में जिम, स्पा सेंटर, लेक्चर हाउस, लाइब्रेरी है। 40 क्रू मेंबर भी क्रूज में सवार लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए रहेंगे। गंगा विलास क्रूज में 31 यात्रियों को फाइव स्टार होटल से ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। इस जहाज को विशेष रूप से वाराणसी और गंगा बेल्ट के धार्मिक पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ डिजाइन किया गया है।

क्रूज उच्च तकनीक सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और पूर्ण लक्जरी सुविधाओं से भी सुसज्जित है। यात्रा उबाऊ न हो, इसलिए क्रूज पर संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिम आदि की सुविधाएं होंगी। जर्मनी के पर्यटक सिल्विया ने कहा कि वाराणसी से नदी की सवारी के माध्यम से यह एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है और गंगा नदी की यात्रा के लिए वह उत्साहित हैं। क्रूज की सवारी के लिए आपको हर दिन का किराया 50000 रुपये देना होगा। यानी एक आदमी अगर 51 दिन का सफर करता है तो उसे 25 लाख रुपये देने होंगे। यह वाराणसी से कोलकाता तक एक तरफ की सवारी या वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक की यात्रा कराएगा। पर्यटक इस क्रूज को वेबसाइट के माध्यम से बुक कर सकते हैं लेकिन शुरुआत में मांग बहुत अधिक है, और जहाज एक वर्ष में पांच यात्राएं करेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिरडी जा रही बस का नासिक में भीषण एक्सीडेंट, ट्रक से हुई टक्कर में 10 यात्रियों की मौत

**नासिक (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के नासिक में आज सुबह एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया है। नासिक-सिन्नार रोड पर एक प्राइवेट लग्जरी बस की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक बस में सवार सभी यात्री साईं बाबा के दर्शन करने शिरडी जा रहे थे। प्रथम जानकारी के अनुसार यहां शिरडी हाईवे पर पाथरे के पास एक बस और ट्रक में भिडंत हो गई, जिसमें करीब 10 लोगों की मौत की सूचना है। जानकारी के मुताबिक, बस में करीब 50 लोग सवार थे।

### दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट फ्लाइट में बम की सूचना, मचा हडक़ंप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्पाइसजेट की दिल्ली-पुणे फ्लाइट में बम की सूचना से हडक़ंप मच गया। यह सूचना एक फोन कॉल के माध्यम से मिली। विमान को आज शाम साढ़े छह बजे दिल्ली के एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी। बम के बारे में कॉल आने पर एयरलाइन के अधिकारियों ने बोर्डिंग रोक दी और बम रोधी दस्ते को बुलाया। अधिकारी विमान की तलाशी ले रहे हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इससे पहले सोमवार 9 जनवरी को भी विमान में बम होने की सूचना पर प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी. गुजरात के जामनगर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में 'अजूर एयर' की मॉस्को से गोवा की फ्लाइट की आपात लैंडिंग हुई थी। हालांकि तलाशी लेने पर विमान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था जिसके बाद विमान मंगलवार दोपहर को विमान गुजरात से रवाना हुआ और गोवा पहुंचा।

### न्यायिक अधिकारियों को हाईकोर्ट का निर्देश, उपहार लेने से करें इनकार; बताया कारण

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के न्यायिक अधिकारियों को त्योहारी सीजन के दौरान गिफ्ट हैम्पर्स, मिठाई के डिब्बे या पटाखों के डिब्बे स्वीकार नहीं करने का निर्देश दिया गया है। यह देखते हुए कि कुछ न्यायिक अधिकारी त्योहारों के मौसम में 'तीसरे पक्ष' से उपहार स्वीकार कर रहे हैं, मद्रास उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने 11 जनवरी के एक परिपत्र में कहा कि इस तरह के कृत्यों से पूरी न्यायपालिका की बदनामी होती है। न्यायिक अधिकारियों में जिला न्यायाधीश और अधीनस्थ न्यायाधीश शामिल हैं, जिनमें सिविल जज और मजिस्ट्रेट शामिल हैं। परिपत्र पोंगल त्योहार से पहले आया है, जिसे दो तमिल भाषी क्षेत्रों में भव्य रूप से मनाया जाता है।

### कथा सुनने जाते ग्रामीण, बीच रास्ते में पलटी ट्रेक्टर-ट्रॉली, दो महिलाओं की मौके पर मौत...! कई घायल

**मंदसौर (आरएनएस)।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक ट्रेक्टर ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई, घटना में दो महिलाओं की मौत होने की जानकारी सामने आ रही है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे का ग्राम बोलियां के समीप का बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि, गांव की कई महिलाएं ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार होकर ग्राम बोलियां में चल रही भागवत कथा में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पोला डूंगर के समीप खाई में ट्रॉली पलट गई, और यह हादसा हो गया। घटना में दो महिलाओं की मौत की सूचना सामने आ रही है, वहीं कई लोगों के घायल होने की जानकारी भी है, हालांकि जानकारी मिलते ही पुलिस और एम्बुलेन्स भी मौके पर पहुंची है।

### सोनू निगम के एलबम श्रीहनुमान चालीसा का सीएम योगी ने किया विमोचन

**गोरखपुर (आरएनएस)।** महोत्सव के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रख्यात गायक पद्मश्री से सम्मानित सोनू निगम के एलबम (सीडी) श्रीहनुमान चालीसा का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान चालीसा गोस्वामी तुलसीदास जी की कृति है। इसके रचते समय अनेक चुनौतियां भी आईं लेकिन हनुमान जी की कृपा से सभी संकट दूर होते गए। हनुमान चालीसा आज जन-जन का मंत्र है। बच्चे की प्रारंभिक बोली की तरह यह सहज और सरल तरीके से शिक्षित-अनपढ़ सबके रोम रोम में बसा है।

## 31 जनवरी से 6 अप्रैल तक चलेगा संसद सत्र, पीएम मोदी ने बजट के लिए अर्थशास्त्रियों से लिए सुझाव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा। उक्त जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट करके दी। सामान्य अवकाश के साथ 66 दिनों में कुल 27 बैठकें आयोजित की जाएंगी। संसद का अवकाश 14 फरवरी से 12 मार्च तक रहेगा। जोशी ने कहा कि अमृत काल के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, केंद्रीय बजट और अन्य मदों पर चर्चा के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने बताया कि बजट सत्र 2023 के दौरान अवकाश 14 फरवरी से 12 मार्च तक रहेगा, ताकि विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियां अनुदान मांगों की जांच कर सकें और अपने मंत्रालयों और विभागों से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर सकें। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद के सेंट्रल हॉल में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने से होगी। पिछले साल जुलाई में राष्ट्रपति बनने के बाद से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में यह पहला संबोधन होगा।?इससे पहले एक खबर में कहा गया था कि बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया जाएगा। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नीति आयोग में अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद रहीं। पीएम मोदी ने आगामी फरवरी में यूनियन बजट से पहले अर्थशास्त्रियों की राय और सुझाव लेने के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और इसकी चुनौतियों का आकलन किया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का निधन



**पटना (आरएनएस)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के दिग्गज समाजवादी नेता शरद यादव का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार देर शाम 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी बेटी सुभाषिनी यादव ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, पापा अब नहीं रहे।

शरद यादव लंबे समय से बीमार थे और गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

शरद यादव को बिहार के सबसे सम्मानित समाजवादी नेताओं में से एक माना जाता था। उनमें गजब की राजनीतिक समझ है। उन्हें राज्य की राजनीति में एक महान क्यूरेटर भी माना जाता था।

उन्होंने लालू प्रसाद यादव को बाद के मुख्यमंत्री कार्यकाल के साथ-साथ जब केंद्रीय मंत्री थे, तब कई राजनीतिक सुझाव दिए थे।

उनका राज्यसभा का कार्यकाल जून 2022 में समाप्त हुआ था। इसके बाद वे अपना 7 तुगलक रोड बंगला खाली कर दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में अपनी बेटी के घर चले गए।

शरद यादव अभी राजद से जुड़े हुए थे और उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव पार्टी और बिहार के भावी नेता हैं। उन्होंने 1999 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में महत्वपूर्ण केंद्रीय मंत्रालय विभागों सहित अपने राजनीतिक जीवन में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया। वह जद-यू में भी शामिल हुए और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।

शरद यादव अपने राजनीतिक जीवन में सात बार लोकसभा सांसद चुने गए, जिसमें चार बार बिहार के मधेपुरा जिले से और दो बार मध्य प्रदेश के जबलपुर से चुने गए। वह उत्तर प्रदेश के बदायूं से एक बार लोकसभा सांसद भी चुने गए थे। वह पहले सांसद थे जो तीन राज्यों से चुने गए थे।

## एनआईए करेगी राजौरी आतंकी हमले की जांच, 360 डिग्री सुरक्षा का चक्र बनाया जाएगा : अमित शाह



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं, जहां उन्होंने आतंकी घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ फोन पर बातचीत की और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गृहमंत्री ने अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर एक हाई लेवल बैठक भी की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए अमित शाह ने बताया कि राजौरी में हुए आतंकी हमलों की जांच एनआईए को सौंपी गई है।

शुक्रवार को अमित शाह जम्मू-कश्मीर पहुंचे, जहां उन्होंने जम्मू में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक भी की। इस बैठक में एलजी मनोज सिन्हा सहित अलग-अलग फोर्स और इंटेलिजेंस एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अमित शाह ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां जम्मू कश्मीर में मुस्तैदी से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आतंक के खात्मे को लेकर कई पहलुओं पर चर्चा हुई है, 360 डिग्री सुरक्षा का चक्र बनाने का भरोसा दिलाया गया है।

अमित शाह ने कहा कि राजौरी घटना की जांच एनआईए कर रही है। सरकार ने राजौरी में हुई दोनों घटनाओं की जांच एनआईए को सौंपी है, जिसमें 7 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि एनआईए और जम्मू पुलिस मिलकर इसकी जांच करेगी। उन्होंने आगे बताया कि हम जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं राजौरी के पीड़ितों से भी बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिवार वालों से मैं मुलाकात के लिए वहां खुद जाने वाला था, लेकिन आज मौसम के कारण हम वहां पहुंच नहीं पाए।

अमित शाह ने कहा कि तीन महीने के अंदर जम्मू कश्मीर के हर क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू के नागरिकों को मैं इतना भरोसा दिला सकता हूं की आतंकियों की मंशा जो भी हो, लेकिन हमारी एजेंसियां मुस्तैद होकर यहां की सुरक्षा करेंगीं। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में जितनी भी घटनाएं हुईं हैं, उन्हें भी सामने रखते हुए जांच की जाएगी।

## 12 दिनों में ही 5.4 सेमी धंसा, इसरो ने किया खुलासा, डूब सकता है पूरा जोशीमठ



**देहरादून (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) ने जोशीमठ की सेटेलाइट तस्वीरें और भू-धंसाव पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है, जिससे पता चलता है कि पूरा शहर धंस सकता है। तस्वीरें काटोसैट-2एस सेटेलाइट से ली गई हैं।

हैदराबाद स्थित एनआरएससी ने धंसते क्षेत्रों की सेटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं।

तस्वीरों में सेना के हेलीपैड और नरसिम्हा मंदिर सहित पूरे शहर को संवेदनशील क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है।

इसरो की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर उत्तराखंड सरकार खतरे वाले इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है और इन इलाकों के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल से नवंबर 2022 के बीच जमीन का धंसना धीमा था, इस दौरान जोशीमठ 8.9 सेमी तक धंस गया था। लेकिन 27 दिसंबर, 2022 और 8 जनवरी, 2023 के बीच, भू-धंसाव की तीव्रता में वृद्धि हुई और इन 12 दिनों में शहर 5.4 सेंटीमीटर धंस गया।

यद्यपि वैज्ञानिक अभी भी कस्बे में भूमि धंसने के बाद घरों और सडक़ों में दिखाई देने वाली दरारों का अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन इसरो की प्राथमिक रिपोर्ट के निष्कर्ष भयावह हैं।

### जोशीमठ को लेकर सीएम धामी की आपात बैठक

जोशीमठ भू धंसाव को लेकर मंथन का दौर जारी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आपातकाल बैठक देहरादून में चल रही है। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर मुहर लग सकती है। जोशीमठ के लोग भू धंसाव को लेकर खौफजदा हैं और अपने पुश्तैनी घरों को छोड़ रहे हैं। जोशीमठ के प्रभावितों को मुआवजा दिए जाने की स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। किस तरह से और कितना मुआवजा प्रभावित परिवारों को दिया जाएगा, इस पर फैसला करने के लिए धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में 12 बजे कैबिनेट की आपात बैठक शुरू हुई। इस बैठक में तमाम मंत्रियों के साथ ही मुख्य सचिव समेत तमाम आला अधिकारी भी मौजूद हैं। यही नहीं, कैबिनेट बैठक में आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के साथ ही अधिक से अधिक मुआवजा दिए जाने और पर्वतीय जिलों में मौजूद प्राधिकरण को लेकर भी अहम निर्णय लिए जा सकते हैं। जोशीमठ में असामान्य होती स्थितियों को देखते हुए सीएम धामी ने इस बात पर जोर दिया था कि प्रदेश में जोशीमठ जैसे अन्य क्षेत्रों के भी सर्वे कराए जाएंगे जिसके लिए एक विशेषज्ञों की कमेटी भी गठित की जा सकती है। कमेटी खासकर जोशीमठ शहर की तरह ही पर्वतीय क्षेत्रों में मौजूद गांव और कस्बों का सर्वे करेगी। साथ ही इस बात का पता लगाएगी कि कहीं इन क्षेत्रों में भी क्षमता से अधिक निर्माण कार्य तो नहीं हुए हैं या फिर क्षमता से अधिक लोग वहां रह तो नहीं रहे हैं। कुल मिलाकर जोशीमठ समेत प्रदेश की नजरें आज आपात कैबिनेट की बैठक पर टिकी हुई हैं।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला महिला क्रिकेटर का शव, 11 जनवरी से थी लापता

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा की महिला क्रिकेटर राजश्री स्वांई 11 जनवरी से लापता थी और उनका शव शुक्रवार को कटक के करीब घने जंगल में मिला। कटक के पुलिस उपायुक्त पिनाक मिश्रा ने कहा कि उनका शव अथागढ़ क्षेत्र में गुरूदिझाटिया जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला था। राजश्री के कोच ने बृहस्पतिवार को कटक में मंगलाबाग पुलिस थाने में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने कहा कि गुरूदिझाटिया पुलिस स्टेशन में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया जायेगा। पुलिस को अभी तक उनकी मौत के कारण का पता नहीं चला है। उनके परिवार ने हालांकि आरोप लगाया कि उसकी हत्या की गयी है ''क्योंकि उसके शरीर पर चोट के निशान थे और उसकी आंखों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। '' राजश्री का स्कूटर जंगल के करीब मिला था और उनका मोबाइल फोन भी बंद था। पुलिस ने कहा कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जायेगी। उनके परिवार के सदस्यों ने कहा कि राजश्री सहित करीब 25 महिला क्रिकेटर ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) द्वारा बाजराकाबाटी क्षेत्र में आयोजित ट्रेनिंग शिविर का हिस्सा थीं जो पुडुचेरी में होने वाले आगामी राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट टूर्नामेंट के लिये था। सभी एक होटल में ठहरी हुई थीं। ओडिशा राज्य महिला क्रिकेट टीम की घोषणा 10 जनवरी को की गयी थी लेकिन राजश्री अंतिम सूची में शामिल नहीं थी।

## राममन्दिर निर्माण : जनवरी 2024 में विराजमान हो जाएंगे रामलला

- गर्भगृह के चारों ओर बन रहा चार मीटर चौड़ा परिक्रमा मार्ग
- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मीडिया कर्मियों को दिखाई मन्दिर निर्माण की प्रगति



**अयोध्या (आरएनएस)।** श्री राम जन्मभूमि में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। ट्रस्ट का कहना है कि जनवरी 2024 में भगवान रामलला के गर्भगृह सहित पांच मंडप को तैयार कर लिया जाएगा और मकर संक्रांति के दिन भगवान रामलला विराजमान हो जाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार मंदिर मार्ग में अब तक 35 प्रतिशत कार्य हो चुका है। मंदिर के भूतल निर्माण में 60 प्रतिशत कार्य किया गया है। मंदिर में 166 पिलर लगाए जा रहे हैं जिसमें भगवान की गर्भगृह सहित सिंह द्वार, नृत्य मंडप, रंग मंडप, गुड़ मंडप और दोनों तरफ कीर्तन मंडप का निर्माण हो रहा है।

शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से मीडिया कर्मियों को परिसर में बुलाया गया। करीब एक घंटे तक उन्हें राम मंदिर के अब तक हुए निर्माण को दिखाया गया। इस दौरान बताया गया कि गर्भगृह के पिलर 14 फीट तक बनकर तैयार हो चुके हैं। परकोटे का मंदिर तेजी से बनाया जा रहा है। मंदिर निर्माण तीन चरणों में पूरा होगा। पहला चरण अगस्त 2023 तक पूरा होगा। दूसरा चरण दिसंबर 2024 में जबकि 2025 तक मंदिर आकार ले चुका होगा। जनवरी 2024 में मंदिर में दर्शन-पूजन शुरू हो सकेगा। मंदिर निर्माण में करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। कुल खर्च का अनुमान करीब 1800 करोड़ रुपए लगाया गया है। मंदिर के गर्भगृह की दीवार बनकर तैयार है। यहां परिक्रमा पथ तैयार किया जा रहा है। चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह के अतिरिक्त पांच मंडप और बनाए जा रहे हैं। गर्भगृह में राम के बाल स्वरूप का पूजन मुहूर्त देखकर शुरू कराया जाएगा। रामलला की पत्थर की मूर्ति तैयार हो रही है। विद्वानों का विचार है कि गर्भगृह में भगवान का विग्रह खड़ा होना चाहिए। प्रभु श्रीराम के जीवन के 100 प्रसंग भी मंदिर में उकेरे जाएंगे। इसमें देश के प्रसिद्ध साहित्यकार यतीन्द्र मिश्रा भी सहयोग कर रहे हैं।

राम मंदिर निर्माण से जुड़े इंजीनियर बताते हैं कि मंदिर के ग्राउंड फ्लोर का पूरा काम शुरू हो चुका है। वर्कर्स लगे हुए हैं। गर्भगृह और मंडप की दीवारों का काम भी चल रहा है। परकोटे की टोटल लंबाई 762 मीटर है। परकोटे के चार कोने में 4 मंदिर रहेंगे। प्रवेश द्वार सिंह जैसा होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना है कि जनवरी 2024 से मंदिर को भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट के पास पर्याप्त धन है। अब तक करीब आठ सौ करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंदिर की लागत 1800 करोड़ तय की गई है। अभी मंदिर के भूतल निर्माण के क्रम में गर्भगृह का काम चल रहा है। श्री मिश्र ने बताया कि गर्भगृह के छह खंभों का निर्माण भी शुरू हो चुका है। इन्हें मकराना के मार्बल से बनाया जा रहा है। मार्बल के खंभेनुमा पीस को एक-दूसरे में जोडक़र तैयार किया जा रहा है। ये खंभे 19.3 फीट ऊंचे होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्य मंदिर के गर्भगृह में फर्श, मेहराब, रेलिंग, दरवाजे के फ्रेम सफेद मकराना संगमरमर से ही तैयार किए जाएंगे, इनकी गढ़ाई शुरू हो चुकी है।